बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन

जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू० एन० सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी० एल० दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या.........................

पटना
दिनांक......17-10-2000

प्रेस विज्ञप्ति

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के सामूहिक उपवास कार्यक्रम के दूसरे दिन का कार्यक्रम श्री डब्लू०एन० सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकार एवं हड़ताल से विमुख कुछ सदस्यों के आत्मशुद्धि में कम से कम रांची एवं बक्सर के सदस्यों पर प्रभाव पड़ा । बक्सर में जहाँ ऐसे सदस्य कार्य से हड़ताल में लौटे वहीं दि०-15.10.2000 को रांची जिला यूनिट द्वारा हड़ताल से कार्य पर लौटने के निर्णय को धज्जीउड़ाते हुए रांची जिला यूनिट का पुर्नगठन कर संघ के साथ अपनी प्रतिबद्धता को साकार किया एवं पूर्व यूनिट के पदधारकों को निष्कासित किया । केन्द्रीय कार्यकारिणी ने दि०-16.10.2000 को ही दूरभाष पर इसे बधाई के साथ अनुमोदित करते हुए जिला यूनिट के नये कार्यकारिणी द्वारा आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में प्रेस प्रतिनिधि को बताया कि संघ के ऐसे गददार जिन्होंने अपनी पद-लोलुपता एवं अवैध कमाई के कारण हड़ताल तोड़ दी थी को निष्कासित करने के नई कार्यकारिणी के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया तथा नये झारखंड राज्य में अन्य जिलों के सदस्यों की बैठक दि०-15.10.2000 को लिये गये निर्णय नयी समन्वय समिति को भी अपनी मंजूरी दी । साथ ही उनके संघ के प्रति समर्पित प्रतिबद्धता के लिये बधाई दी । इसके साथ ही केन्द्रीय कार्यकारिणी ने दि०-12.10.2000 को लिये गये निर्णय के आलोक में चतरा एवं बोकारो यूनिट के तथा अन्य जगह के कुछ ऐसे गुमराह सदस्य जो अनुरोध के बावजूद हड़ताल में पुनः वापस नहीं लौटे को प्राप्त सूची के अनुसार गददारों की सूची में शामिल कर जयचन्द एवं मीरजाफरों की संज्ञा से विभूषित करते हुए संघ की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित करते हुए तत्काल घोषित किया गया। साथ ही ऐसे पदा० की सूचि सभी जिला सचिवालय यूनिट को भेजते हुए निदेश देने का निर्णय लिया कि संघ उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्यों में मदद नहीं करेगा एवं इनका सामाजिक बहिष्कार का कार्यक्रम यथावत रहेगा चाहे ये भविष्य में जहाँ भी पदस्थापित हों ।

आज की बैठक में निम्नलिखित अन्य निर्णय लिये गये :-

1. दिनांक 20.10.2000 को संघ के निर्विवाद एवं स्वीकृत मांगों की पूर्ति में बने षडयंत्रकारी राज्य के शीर्ष भा०प्र०से० के पदाधिकारियों की सदबुद्धि के लिये मुख्यालय सहित सभी जिला यूनिट द्वारा लोक जागरण कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन करेंगें ।

-----2

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O)
286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

अध्यक्ष
वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लू॰ एन॰ सिंह)

महासचिव
गंगाधर लाल दास
(जी॰ एल॰ दास)

Truth Will Triumph

उपाध्यक्ष
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

संयुक्त सचिव
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

कोषाध्यक्ष
केशव रंजन प्रसाद

पत्र संख्या..........................

पटना
दिनांक..............................

2. दिनांक 24.10.2000 तक सदबुद्धि नहीं आने पर दिनांक 25.10.2000 को सभी जगह इनके सर्वनाश के लिये मारन मंत्र का प्रयोग कर हवन यज्ञ कराया जायेगा ।

3. दिनांक 25.10.2000 के बाद इन शीर्ष पदाधिकारियों का मौन प्रदर्शन के साथ घेराव किया जायेगा ।

4. संघ के सभी सदस्यों को अपनी एकजुटता बनाये रखने में उनके धैर्य एवं साहस की प्रशंसा करते हुए बधाई दी गई एवं इसे अपनी मांगों की शत प्रतिशत पूर्ति तक बनाये रखने का निदेश दिया गया ।

अन्त में सामूहिक उपवास के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी सदस्यों की भागीदारी के लिये धन्यवाद देकर अगले कार्यक्रम को सफल बनाने का निदेश दिया गया ।

"संघ एकता जिन्दाबाद"

गंगाधर 17.10.2000 | 17/X/2000
{ जी0 एल0 दास } | { डब्लू0 एन0 सिंह }
महासचिव | अध्यक्ष

ज्ञापांक- 194 दिनांक- 17.10.2000

प्रतिलिपि- निदेशक, आकाशवाणी/दूरदर्शन, पटना/ब्यूरो प्रमुख पी0टी0आई0/यू0एन0आई0/एक्सप्रेस मिडिया सर्विस/समाचार सम्पादक, सभी हिन्दी/अंग्रेजी दैनिक को प्रसारण एवं प्रकाशन हेतु प्रेषित ।

गंगाधर 17.10.2000
{ जी0 एल0 दास }
महासचिव